मामला

पीड़ित परिवार ने मुख्य सचिव और स्वास्थ्य विभाग से की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग

# मेडिकल में लापरवाही से मौत का मामला गरमाया



**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** गाडरवारा क्षेत्र से कथित मेडिकल लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित परिवार ने निजी चिकित्सक पर गलत उपचार, ओवर डोज दवाइयां देने और समय पर उचित रेफर न करने के आरोप लगाए हैं। मामले में पीड़ित परिवार ने अब मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव एवं स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को विस्तृत शिकायत भेजकर निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लिलवानी निवासी सत्येंद्र कुमार मिश्रा ने अपनी माता स्वर्गीय प्रभा बाई मिश्रा के उपचार में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया कि 12 जुलाई 2025 को सामान्य सर्दी-जुकाम एवं बुखार की शिकायत पर उन्हें गाडरवारा स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि बिना आवश्यक प्रारंभिक जांच किए भारी मात्रा में इंजेक्शन, आईवी बॉटल और दवाइयां दी गईं, जिसके बाद उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। परिवार का आरोप है कि स्थिति गंभीर होने के बावजूद समय पर किसी बड़े अस्पताल के लिए रेफर नहीं किया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर अन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की थी। मामले में जिला स्तरीय जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच रिपोर्ट में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया तथा संबंधित चिकित्सक को बचाने का प्रयास किया गया। परिवार ने दावा किया कि रिपोर्ट में मरीज को पूर्व से ग्रेड-5 किडनी रोग से पीड़ित बताया गया, जबकि ऐसा कोई पूर्व मेडिकल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। पीड़ित परिवार ने शासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच किसी स्वतंत्र मेडिकल बोर्ड या राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति से कराई जाए तथा जांच समिति की भूमिका की भी निष्पक्ष समीक्षा हो। साथ ही दोषी पाए जाने वाले चिकित्सक एवं अधिकारियों पर विभागीय और कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। यह शिकायत मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भेजी गई है। मामले ने क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में को समय सीमा की बैठक आयोजित

**नवभारत/नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति समय-सीमा में करें। आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर रजनी सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस अभियान के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। बैठक में उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत पौधरोपण के कार्य, सूक्ष्म सिंचाई विस्तार और प्रशिक्षण के कार्यों की समीक्षा की गई। इसी प्रकार से सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर रजनी सिंह ने संबल 2.0 योजनांतर्गत पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत संबंधित समस्याओं के प्रकरणों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। जिससे गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या न हो।

# ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत नरसिंहपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही



**नवभारत/नरसिंहपुर।** में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नरसिंहपुर पुलिस ने थाना तेंदूखेड़ा एवं चीचली क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए लगभग 2 किलोग्राम गांजा जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही में एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने कुल करीब 2 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

### तेंदूखेड़ा पुलिस की कार्यवाही

दिनांक 17 मई 2026 की रात्रि गश्त के दौरान थाना तेंदूखेड़ा पुलिस टीम को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से करीब 1.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनमोहन ठाकुर पिता ब्रजकिशोर ठाकुर, उम्र 21 वर्ष, निवासी भामा थाना तेंदूखेड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से गांजे के साथ एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।


### चीचली पुलिस की कार्यवाही

इसी प्रकार थाना चीचली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब 500 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह गांजा गाडरवारा निवासी भागवती उर्फ भग्गो उर्फ भागो कुचबंदिया से लाया था। इस मामले में पुलिस ने रामशंकर कहार पिता गोकल प्रसाद कहार, उम्र 66 वर्ष, निवासी माता मोहल्ला चीचली तथा भागवती उर्फ भग्गो उर्फ भागो कुचबंदिया निवासी गाडरवारा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 8, 20 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।


### इन अधिकारियों की रही मुख्य भूमिका

कार्यवाही में थाना प्रभारी तेंदूखेड़ा निरीक्षक किशोर वामनकर, सउनि शशांक दुबे, प्रधान आरक्षक संजय शाह, आरक्षक बहादुर कुशवाहा, नारायण मरावी तथा थाना चीचली से उप निरीक्षक अमित कुमार गोंटिया, सहायक उप निरीक्षक इन्द्रपाल सिंह चौहान, वरिष्ठ आरक्षक सत्य सिंह, राकेश झा, आरक्षक आनंद कोरी, सोनम गुप्ता एवं महिला आरक्षक वंदेश्वरी साहू की मुख्य भूमिका रही।

# सुप्रसिद्ध कथा वाचक विपिन बिहारी के मुखारविंद से 24 को श्रीमद् भागवत कथा



**नवभारत/गोटेगांव** अंतर्गत ग्राम भंडारी में आगामी 24 मई से 30 मई तक भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें बुंदेलखंड सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य गोपीठाधीश्वर महंत श्री 108 विपिन बिहारी महाराज जी के मुखारविंद से प्रवचन दिए जाएंगे आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन 24 तारीख से प्रारंभ होकर 30 तारीख तक प्रवचन महाराज श्री के होंगे और 31 तारीख को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ! पूजन पाठ का समय सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक और प्रवचन का समय शाम के 4 बजे से शाम 7 बजे तक किए जाएंगे आयोजन की शुरुआत 24 तारीख श्रीमद् भागवत कथा की भव्य शोभायात्रा से की जाएगी जो की गांव के विभिन्न मार्गो से कथा स्थल तक पहुंचेगी आयोजन समिति ग्राम भडरी ,भाडी मनकवारा समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र वासियों ने श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने अपील की है।



# संगठन मजबूती को लेकर दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी से मिले कांग्रेसी

**गोटेगांव** बीते दिवस भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति के नेतृत्व में गोटेगांव के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से मुलाकात की। इस दौरान गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ नेताओं द्वारा आदिवासी अंचलों, ग्राम पंचायत समितियों और नगर संगठन की नियुक्तियों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, गोटेगांव में प्रस्तावित आगामी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी से स्वीकृति भी प्राप्त की गई।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गाडरवारा थाने का घेराव किया



**नवभारत/गाडरवारा।** नरसिंहपुर जिले से जुड़े एक मामले को लेकर सोमवार को गाडरवारा में माहौल गरमा गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गाडरवारा थाने का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द कार्यवाही की मांग उठाई। बताया जा रहा है कि 4 अप्रैल को कॉलेज जाने के लिए निकली एक युवती अब तक घर नहीं लौटी है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि युवती को बहला-फुसलाकर ले जाया गया। मामले में बैरागढ़ निवासी एक युवक पर संदेह जताया जा रहा है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने रैली निकालते हुए गाडरवारा थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ कर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस को जानकारी देने के बावजूद अब तक युवती का कोई सुराग नहीं लग सका है। प्रदर्शन कर रहे संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में शीघ्र कार्रवाई कर युवती को सुरक्षित बरामद किया जाए तथा आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और युवती की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कब तक कोई बड़ा खुलासा कर पाती है।

# शराब कारोबारी अपहरण मामला : तीन आरोपियों की जमानत रद्द, 19 तक आत्मसमर्पण के आदेश



**नवभारत/ गोटेगांव** बीते दिनों ठेमी थाना क्षेत्र के करकबेल में बीते दो मई को शराब कारोबारी प्रदीप कौरव के अपहरण और मारपीट के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों की जमानत निरस्त कर दी है। गोटेगांव की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी साक्षी शुक्ला ने जिला पुलिस की याचिका मंजूर करते हुए आरोपी सागर, भरत और अभिषेक को 19 मई तक न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के आदेश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर न्यायालय में दी गई अर्जी में तर्क दिया गया था कि पीड़ित की चिकित्सा रिपोर्ट में गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। इसके आधार पर प्रकरण में आजीवन कारावास के प्रावधान वाली नई धारा बढ़ाई गई है। पुलिस ने यह भी बताया कि घटना के दो मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए इन आरोपियों की जमानत निरस्त होना आवश्यक है। प्रकरण की गंभीरता और पुलिस के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने तीनों आरोपियों की जमानत रद्द करने की कार्रवाई की है।

## एक नजर में



### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार मां-बेटा घायल

**नवभारत/ गोटेगांव।** बीते दिवस गोटेगांव थाना क्षेत्र के कमती इमलिया के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम बगासपुर निवासी कौशल्या और उनका बेटा घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों नरसिंहपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती अपने किसी परिचित से मिलने जा रहे थे। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर पहुंचाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खेत में मिला युवक का संदिग्ध शव

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस पुलिस थाना गोटेगांव क्षेत्र के ग्राम बगासपुर में एक खेत में युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बगासपुर निवासी 36 वर्षीय लेखराम ठाकुर (पिता रामकिशन ठाकुर) निवासी बगासपुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और उसे परीक्षण के लिए भेज दिया है। फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि शव परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और उसी के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### महिला पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

**नवभारत/ गोटेगांव।** विगत दिवस ठेमी थाना क्षेत्र के ग्राम मकवारा में जमीनी विवाद को लेकर एक 24 वर्षीय महिला पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता रश्मि ने वीरेंद्र, महेंद्र और अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। हमले में महिला के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जगदीश नेमा का निधन

**नवभारत/ करेली।** नेमा समाज करेली के प्रबुद्ध नागरिक श्री जगदीश प्रसाद नेमा पिता स्वर्गीय श्री जमना प्रसाद नेमा (चक्की वालों) का सोमवार को निधन हो गया। आप प्रकाश नेमा, राजेश नेमा (पत्रकार), नवीन नेमा (पूर्व पार्षद) एवं प्रवीण नेमा के अग्रज भ्राता थे। वहीं प्रमोद नेमा (सहारा), विनोद नेमा, अभय नेमा एवं मुकेश नेमा के पिताजी थे। उनके निधन से नेमा समाज सहित नगर में शोक की लहर व्याप्त है। वे समाज के सम्मानित एवं मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

## राजेन्द्र नामदेव प्रदेश अध्यक्ष बने



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस नामदेव समाज विकास परिषद 3315 का प्रांतीय अधिवेशन साधारण आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे नामदेव समाज के स्वजातीय बंधुओं ने भाग लिया। और समाज उत्थान की दिशा में विभिन्न विंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष हेतु आम सहमति ना बन पाने के कारण राजेन्द्र नामदेव गाडरवारा और अरुण नामदेव गुना के बीच निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतदान के चलते राजेन्द्र नामदेव गाडरवारा सर्वाधिक मतों से निर्वाचित हुए। सभी स्वजातीय बंधुओं ने अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए समाज उत्थान की दिशा में मिलकर काम करने की बात रखी है।



## नव प्रयास फाउण्डेशन कर रहा निरंतर जल संरक्षण अभियान का क्रियान्वयन

**नवभारत/ करेली।** नगर के नव प्रयास फाउंडेशन करेली के द्वारा निरन्तर जल संरक्षण का संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जल बचाओ के साथ बारिश के जल को संचय करने की वाटर हार्वेस्टिंग के द्वारा इसे संचित कर धरती में पहुंचाएं जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा, रिचार्ज फिट , छत के पानी का संचय , शौकता के द्वारा निरन्तर प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। नव प्रयास फाऊण्डेशन द्वारा पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी,नगरपालिका अध्यक्ष सुशीला ममार, भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, थाना प्रभारी रत्नाकर हिंग्वे, पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र रघुवंशी, युवा व्यवसायी आदर्श कोहली को भी संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया है। फाउंडेशन के द्वारा पंछी को जल के लिए जल पात्र वितरित किए जा रहे हैं साथ ही सभी पंछिओ के लिए जल दाना के आह्वान किया जा रहा है लोगो द्वारा इस भीषण गर्मी में जल पात्र रखने की महती आवश्यकता है , निरन्तर गिरते जल स्तर से चिंता व संकट सामने न करने पड़े, दुनिया में एक परसेंट ही पानी पीने योग है बाकी समुद्री पानी है जल संकट की स्थिति न बने।

# विद्युत अधिकारियों के साथ विधायक की समीक्षा बैठक



**नवभारत/ डोभी।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आ रही विद्युत समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा कार्यालय रीछा विधायक निवास में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पी के लोधी सहायक अभियंता उपसंभाग गाडरवारा तथा समस्त वितरण केंद्रों के प्रभारी कनिष्ठ अभियंता डोभी श्रीमति प्रतिभा पारधे कनिष्ठ अभियंता तेंदूखेड़ा उमेश वाल्मीकि कनिष्ठ अभियंता सिहोरा पी के धुर्वे कनिष्ठ अभियंता कोड़िया राकेश सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। बैठक में विधायक ने निर्देशित किया है कि कृषकों को शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि अनुसार नियमित 10 घंटे विद्युत प्रदाय सुनिश्चित किए जाने गैर कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाये ।साथ ही फैल एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को उपलब्धता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र परिवर्तित किए जाने निर्बाध विद्युत व्यवस्था के प्रयोजन से आवश्यकता अनुसार मेंटेनेंस कार्य कराने एवं आर डी एसएस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन प्रगति एवं मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं के निराकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।बैठक के दौरान समस्त वितरण केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा विद्युत प्रदाय व्यवस्था को सुचारु एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही सतत रूप से की जाए।

# जिले में अब तक 21 हजार 632 किसानों से 14 लाख 61 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी

## अधिकारियों द्वारा किया जा रहा गेहूं उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण

**नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन का कार्य जिले के विभिन्न 69 खरीदी केन्द्रों में सुचारू रूप से संचालित है। जिले में 16 मई तक 21 हजार 632 किसानों से 14 लाख 61 हजार क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों के बैंक खाते में 190 करोड़ राशि का भुगतान किया जा चुका है। शेष गेहूँ विक्रय किसानों का भुगतान ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से निंरतर प्रक्रियाधीन है। आगामी 23 मई 2026 तक गेहूं की आवक को दृष्टिगत रखते हुये जिले में पर्याप्त वारदानों की व्यवस्था करायी जा रही है। जिससे निर्बाध रूप से उपार्जन का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके। कलेक्टर रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय अधिकारी दण्डाधिकारी, तहसीलदार/ नायब तहसीलदार, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य, राजस्व, कृषि, सहकारिता, नॉन एवं वेयरहाऊस के मैदानी अधिकारियों द्वारा लगातार गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक खरीदी केन्द्रों में राजस्व एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी/ कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उक्त नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण कर उपार्जन में आने वाली समस्याओं का यथा संभव त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करायें। खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान कुछ खरीदी केन्द्रों में हम्मालों की समस्या एवं तौल कांटे कम पाये जाने संबंधित समस्यायें पायी गयी ऐसे केन्द्रों को सख्त निर्देश दिये गये है कि खरीदी केन्द्र में कम से कम 6 तौल कांटे एवं 50 से 80 हम्मालों की व्यवस्था कर त्वरित गति से उपार्जन कार्य पूर्ण करायें। जिले के 20 समिति स्तरीय खरीदी केन्द्रों में उपार्जित गेहूँ का ट्रक से परिवहन कराकर गोदामों में सुरक्षित भंडारण कराया जा रहा है जिसके संबंध में जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि प्रतिदिन गेहूँ की परिवहन मात्रा को दृष्टिगत रखते हुये परिवहनकर्ता के माध्यम से पर्याप्त ट्रक लगवाकर शीघ्र परिवहन कराना सुनिश्चित करायें। खरीदी केन्द्रों में स्लॉट बुकिंग अनुसार गेहूँ की ट्रेक्टर ट्राली की अत्याधिक भीड़ के कारण जिन किसानो की स्लॉट की तिथि निकल गयी है ऐसे किसानों के स्लॉट तिथि वृद्धि की कार्यवाही की जा रही है जिसके अनुक्रम में अभी तक 760 किसानों की स्लॉट में वृद्धि कर गेहूँ की खरीदी करायी गयी है।

### स्पष्टीकरण मांगा

718 किसानों के भीड़ वाले केन्द्रों से नजदीकी कम भीड़ वाले केन्द्रों में स्लॉट शिफ्टिंग कराकर गेहूँ खरीदी का कार्य कराया गया है। निरीक्षण के दौरान कुछ खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण समय नोडल अधिकारी अनुपस्थित पाये जाने पर ऐसे नोडल अधिकारियों से अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। खरीदी केन्द्रों को स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि उपार्जन के संबंध में शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुये एफएक्यू गुणवत्ता का मानक वजन अनुसार ही किसानों से गेहूँ खरीदी करना सुनिश्चित करायें। किसान भाईयो से भी अपील की गयी है कि अपनी गेहूँ उपज को घर से ही साफ-सफाई कर एफएक्यू गुणवत्ता का गेहूँ खरीदी केन्द्र में स्लॉट बुकिंग तिथि अनुसार लेकर आयें जिससे कि खरीदी केन्द्र में गेहूँ उपज की खरीदी सहूलियत से सम्पन्न हो सकें।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग, नागरिकों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा



**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** भामा रोड स्थित एक विद्युत ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आस पास उगी सूखी झाड़ियों और घास फूस को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। इस दौरान आसपास के स्थानीय नागरिकों ने गजब की सूझबूझ दिखाई। लोगों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत विद्युत विभाग को सूचित किया और खुद रेत मिट्टी व सुरक्षित संसाधनों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। नागरिकों के इस त्वरित प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों उपभोक्ताओं ने विद्युत अधिकारियों से मांग की है कि सुरक्षा के लिहाज से भामा सड़क मार्ग और डोला रोड सहित पूरे तेंदूखेड़ा क्षेत्र के ट्रांसफार्मरों के आसपास नियमित साफ सफाई कराई जाए। गर्मी में स्पार्किंग की आशंका बढ़ जाती है और जर्जर केबिल लाइन के तार अधिक गर्मी और विद्युत भार के चलते जहां तहां जलने आग लगने की घटनाएं घटित हो रही हैं ।इसलिए झाड़ियों की छंटाई बेहद जरूरी है। वहीं सूचना के बाद पहुंचे विभागीय अमले ने सुधार कार्य शुरू किया तब कहीं स्थिति सामान्य हो पाई। और विद्युत व्यवस्था सुचारू हो सकी।